कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

जागृति

वर्ष-61 अंक-4 मुम्बई मार्च 2017

नई दिल्ली में एमएसएमई मंत्री द्वारा तीसरे खादी लाउंज का लोकार्पण

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष-61 अंक-4 मुम्बई मार्च 2017

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष

श्रीमती अन्शु सिन्हा

सम्पादक
के. एस. राव

उप सम्पादक
सुबोध कुमार

वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक
सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार
संजय एस. सोमदे

कलाकार
चंद्रशेखर पुनवटकर,
दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं
लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
ग्रामोदय,3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित
टेलिफैक्सः 022-26719465
ई-मेलः jagritikvic@gmail.com वेबसाईटः www.kvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

इस अंक में...

समाचार सार 3 से 28

ऐतिहासिक साबरमती आश्रम, अहमदाबाद में आयोग की 642 बैठक आयोजित.....
पीएमईजीपी योजना के तहत उद्यमिता विकास.....
आयोग द्वारा सीपी, नई दिल्ली में नया खादी लाउंज.....
खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम पर आंचलिक .....
मुंबई में ओएनजीसी कर्मचारियों के लिए प्रदर्शनी .....
अहमदाबाद में द्वारा कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर दो दिवसीय आंचलिक स्तरीय कार्यशाला आयोजित.....
आयोग के अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश की सभी खादी संस्थानों और राज्य खादी बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक.....
कार्यक्रम के दौरान रैंप वॉक, वस्त्र डिजाइनिंग और .....
विशेष बच्चों ने खादी उत्सव में लगाये चार चाँद.....
स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सभी 23 अस्पतालों को केवल खादी उत्पादों .....केवीआईसी को 150 करोड़ रुपए का आर्डर.....
विशाखापत्तनम में पीएमईजीपी योजना पर बैंकर्स .....
आयोग ने रेग्युलेशन्स उल्लंघन हेतु फैब इंडिया को .....
मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा हरियाणा राज्य की खादी .....
हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग पर अखिल भारतीय.....
केएनएचपीआई के वैज्ञानिक को सम्मान.....
सौर ऊर्जा से चलने वाले 12-स्पिंडल हाई स्पीड अम्बर चरखे का डिजाइन और विकास
साबरमती आश्रम में आयोग की 642वीं बैठक आयोजित.....

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियाँ.....29 से 33

आयोग द्वारा सीपी, नई दिल्ली में नया खादी लाउंज स्थापित

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र ने केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री श्री हरिभाई चौधरी, एमएसएमई के सचिव श्री के.के. जालान, आयोग के अध्यक्ष श्री वी.के. सक्सेना एवं फैशन डिजाइनर सुश्री रितु बेरी की उपस्थिति में कनाट पैलेस, नई दिल्ली के एम्पोरियम परिसर में एक अन्य अत्याधुनिक और उच्च श्रेणी के बिक्री केंद्र "खादी लाउंज" का उद्घाटन किया है। इन डिजाइनर वस्त्रों में अत्याधुनिक परिधान एवं तैयार वस्त्र शामिल हैं जो कि प्रख्यात फैशन डिजाइनर रितु बेरी, द्वारा डिजाइन किये गए हैं ।

यह **"खादी लाउंज"** दिल्ली महानगर में रहने वाले फैशनपरक महिलाओं और पुरुषों के लिए हाथ से कते व हाथ से बुने आधुनिक डिज़ाइनर परिधानों और विशिष्ट खादी वस्त्रों की श्रृंखला उपलब्ध कराएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने इसी क्रम में पहला आउटलेट 'खादी लाउंज' पूर्ण रूप से सुसज्जित खादी और ग्रामोद्योग आयोग के परिसर, विले पार्ले, मुंबई में दिनांक 7 जनवरी, 2017 को और दूसरा 17 जनवरी, 2017 को जयपुर में स्थापित किया है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने एक महीने में ऐसे तीन अन्य अत्याधुनिक और उच्च श्रेणी के बिक्री केंद्रों का उद्घाटन किया है। खादी आउटलेट के लाउंज श्रृंखला का उद्देश्य देश के सर्वोत्तम हस्तनिर्मित कपड़े और उत्पादों को आधुनिक आउटलेट में प्रदर्शित करना है।

इस अवसर पर श्री कलराज मिश्र ने कहा कि खादी का एक वस्त्र खरीदने से एक कारीगर को रोजगार पैदा होता है। उन्होंने कहा, आज एमएसएमई क्षेत्र 94% रोजगार पैदा कर रहा है और केवल 4% सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इतना ही नहीं, सकल घरेलू उत्पाद विकास का 65% एमएसएमई क्षेत्र से होता है। इसीलिए समय के साथ चलते हुए सभी उत्पादों की जानकारी, खरीद प्रणाली डिजिटल रूप से विकसित की जा रही है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'खादी लाउंज' दिल्ली, मुंबई और जयपुर में खोले गए हैं जिसमें प्रीमियम गुणवत्ता वाले सुन्दर, स्टाइलिश खादी सिल्क

और आधुनिक डिजाईन किये हुए रेडीमेड वस्त्र रखे गए हैं, जो खादी प्रेमियों को सुखद अनुभव व संतोष प्रदान करेंगे। इसके साथ ही खादी और ग्रामोद्योग आयोग, 'मेक इन इण्डिया' की पहल और प्रधान मंत्री के खादी के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबध्दता की पुष्टि करता है। इससे रोजगार के अनेक अवसर उत्पन्न होंगे, जो ग्रामीण भारत में कारीगरों और विशेष रूप से महिलाओं के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की बिक्री कर उन्हें सशक्त बनायेंगे। इसके साथ ही यह लाउंज फैशनपरस्त लोगों की जरूरतों को पूर्ण करेगा और खादी की बिक्री में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी करेगा तथा कारीगरों को सशक्त बना कर उनकी आजीविका को समृद्ध करेगा।

★★

खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम पर आंचलिक स्तरीय कार्यशाला

खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम पर एक आंचलिक स्तरीय कार्यशाला दिनांक 28 फरवरी 2017 को साबरमती आश्रम अहमदाबाद में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में आयोग के आंचलिक सदस्य(मध्य क्षेत्र) श्री जय प्रकाश तोमर; आंचलिक सदस्य (दक्षिण क्षेत्र) श्री जी.चंद्रमौली; आंचलिक सदस्य (पूर्व क्षेत्र) डॉ संगीता कुमारी; आंचलिक सदस्य (उत्तर-पूर्व क्षेत्र)); श्री नारायण सी. बोरकाटकी, विशेषज्ञ सदस्य(ग्रामीण विकास) श्री अशोक भगत; विशेषज्ञ सदस्य (विपणन) श्री राजेन्द्र प्रताप गुप्ता के साथ-साथ आयोग की वित्तीय सलाहकार / मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती उषा सुरेश, मुख्य सतर्कता आधिकारी श्री मोहित जैन, तथा आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस.राव और श्री वाई.के.बारामतीकर के अलावा आयोग के निदेशक श्री बाबुल मंडल, श्री राजन बाबू और राज्य निदेशक श्री संजय हेडाऊ ने भाग लिया। कार्यशाला में खादी संस्थाओं के लगभग 100 प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

★★

ऐतिहासिक साबरमती आश्रम, अहमदाबाद में आयोग की 642वीं बैठक आयोजित

अपने अस्तित्व के 61 वर्षों में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने 27 फरवरी, 2017 को ऐतिहासिक साबरमती आश्रम, अहमदाबाद में पहली बार बैठक की, जो कि उच्च प्रेरणादायक मूल्यों और प्रतीकात्मकता का एक व्यावसायिक तीर्थ माना जा सकता है।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा, "बापू की स्मृति खादी की अंतरात्मा है और साबरमती आश्रम में आयोग की 642 बैठक आयोजित करना, चंपारण आंदोलन की 100 वीं सालगिरह की याद में बापू की

खादी के विकास के प्रति अपना आत्मीय आभार व्यक्त करने का एक तरीका है।

उन्होंने ने कहा, "यह बापू की भावना के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है", कि आयोग इस बैठक में देश के लाखों खादी कारीगरों के कल्याण के बारे में विचार करेगा और महत्वपूर्ण निर्णय लेगा, जो सामाजिक

न्याय के मार्ग पर खादी सेक्टर के विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

दिलचस्प बात यह है कि गुजरात राज्य ने केवीआईसी को मौजूदा अध्यक्ष श्री वी.के. सक्सेना समेत छह अध्यक्ष दिए हैं, हालांकि यह पहली बार है जब खादी के प्रजनक स्थल साबरमती आश्रम में आयोग की बैठक आयोजित की जा रही है।

★★

पीएमईजीपी योजना के तहत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संपन्न

उद्योग निदेशालय, पोर्ट ब्लेयर के सम्मेलन हॉल में 18 फरवरी, 2017 को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के 5 वें और 6 वें बैच के लिए समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रश्मी सिंह, मुख्य सचिव (उद्योग) और उपाध्यक्ष, अंडमान निकोबार दीप समूह खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

अपने संबोधन में, सचिव (उद्योग) श्रीमती रश्मी सिंह ने देखा कि यह पहली बार है कि पीएमईजीपी योजना के तहत ईडीपी के सफल आयोजन के लिए प्रयासों का तालमेल देखा जा सकता है, जहां अंडमान निकोबार दीप समूह खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड और डीआईसी जैसे कार्यक्रम क्रियान्वित करने वाली एजेंसियों के अलावा, बैंकिंग संस्थानों, उद्योग निदेशालय, जेएनआरएम, डीबीआरआईटी, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, सीएआरआई, एमडीएमई-डीआई और इस तरह की अन्य एजेंसियों ने इस कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिए न केवल एक सहयोगी तरीके से काम किया बल्कि लाभार्थियों में प्रशिक्षुओं का पोषण किया है। ★★

मुंबई में ओएनजीसी कर्मचारियों के लिए प्रदर्शनी

मुंबई 16 फरवरी, 2017 : खादी और ग्रामोद्योग आयोग व ओ.एन.जी.सी. द्वारा संयुक्त रूप से खादी प्रदर्शनी एवं बिक्री का आज उद्घाटन विले पार्ले (प.) में इर्ला रोड स्थित खादी और ग्रामोद्योग आयोग के परिसर में किया गया। यह प्रदर्शनी समझौते के अंतर्गत ओ.एन.जी.सी. के कर्मचारियों के लिए उन्हें उपलब्ध कराये गए प्रीपेड़ गिफ्ट वाउचर के माध्यम से मनचाही खादी उत्पाद क्रय करने हेतु शुरू की गई है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपनी बातचीत में जानकारी दी कि ओ.एन.जी.सी. द्वारा निर्णय लिया है कि वह अपने कर्मचारियों को नकद राशि से तीन गुना अधिक मूल्य के पुरस्कार प्रदान करेगा। ओ.एन.जी.सी. में कुल 35299 कर्मचारी कार्यरत्त हैं, जिसमें 34,236 नियमित और 1063 अनियमित कर्मचारी हैं। श्री सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर कारीगरों को विशेष बिक्री अभियान में शामिल किया गया है, जिसमें उन्हें 5% पुरुस्कार के रूप में प्रदान कर इसे डी.बी.टी. के माध्यम से उनके बैंक खाते में जमा कराया जायेगा।

इस तरह की पहली प्रदर्शनी 16 से 30 जनवरी तक गुजरात के महसना जिले में पहले ही आयोजित की जा चुकी है। अहमदाबाद, बड़ौदा, अंकलेश्वर, हाजिर और खंभात बेसिन जहाँ ओ.एन.जी.सी के सर्वाधिक 11081 कर्मचारी कार्यरत हैं, के लिए 4 से 8 फरवरी 2017 तक दूसरी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी तरह खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आंध्र प्रदेश में 27 जनवरी से 8 फरवरी तक असम में 1 से 8

फरवरी तक और जयपुर, राजस्थान में 17 जनवरी से 8 फरवरी तक, के लिए क्रमश: सूचीबद्ध तरीके से प्रदर्शनी की गई। इन चार स्थानों के लिए चार अलग अलग दल गठित किये गए हैं।

मीडिया को संबोधित करते हुए श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस कार्क्रम से त्रिपक्षीय लाभ जैसे (1)

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री हेतु (2) कर्मचारियों के आर्थिक महत्त्व हेतु तथा (3)ओ.एन.जी.सी. के कर्मचारी साख के लिए यह समझौता एक विशिष्ट आदर्श स्थापित करेगा जो ग्रामीण कारीगर समुदाय के स्थायी विकास में सहायक होगा।

उन्होंने ओ.एन.जी.सी. की उदारवादी प्रवृत्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि, सी आर पी एफ, एसआरपी इत्यादि को की गई आपूर्ति सहित ओ.एन.जी.सी. द्वारा 60 करोड़ रु. के थोक क्रय आदेश देने जिससे खादी कारीगरों को 6 लाख मानव श्रम दिन के रोजगार का सृजन होगा एंव इससे खादी संस्थाओं को अधिकतम मार्केटिंग सहयोग प्राप्त होगा।

ओ.एन.जी.सी. के कार्यकारी निदेशक श्री एस. गोपीनाथ ने इस अवसर पर कहा कि ऑइल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड भारत सरकार के अधीन सार्वजानिक क्षेत्र का एक अग्रिणी संगठन है, ने एक सराहनीय और सक्रिय कदम उठाते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा एक समझौता किया है जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण भारत में ओएनजीसी के कर्मचारियों को बोनस के तौर पर जीरो कार्बन फुटप्रिंट के उत्पाद उपलब्ध कराएगा। ओ.एन.जी.सी. सामान्यत: अपने कर्मचारियों को देश सेवा व कठिन श्रम के बोनस के रूप में नकद राशि का संवितरण करता है। इस पहल से मानवीय आधार पर स्वदेशी एवं प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा ओ.एन.जी.सी. के मध्य करार एक जीत है – जीत, जिससे ओ.एन.जी.सी.के कर्मचारियों को पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद प्राप्त होंगें एंव खादी कारीगरों को वृहद् बाजार विस्तार एंव स्थाई रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

★★

अहमदाबाद में कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर दो दिवसीय आंचलिक स्तरीय कार्यशाला आयोजित

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद द्वारा कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर आयोजित दो दिवसीय आंचलिक स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद के हीरक जयंती हॉल में आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना के कर कमलों द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में गुजरात विद्यापीठ के कुल सचिव श्री राजेंद्र खीमाणी, पॉलिटेक्निक फ़ूड साइंस, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद के प्रधानाचार्य श्री के.बी.कम्बलिया, नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर श्री जे. एस. पाठक, आयोग के उपनिदेशक प्रभारी, मुंबई डॉ. एस. ग्रिप, गुजरात राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि इस कार्यशाला में पश्चिम क्षेत्र के सभी राज्यों- गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवं दीव के लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग, केवल खादी वस्त्र के माध्यम से ही रोजगार उपलब्ध नहीं करा रहा हैं बल्कि विभिन्न ग्रामोद्योग के माध्यम से ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों में 1 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। श्री सक्सेना ने कहा कि केवल गुजरात राज्य में खादी और ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित 5 हजार से ज्यादा इकाइयाँ कार्य कर रही हैं, जिसके माध्यम से लगभग 1 लाख लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रही प्रधान मंत्री

रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कोई भी बेरोजगार व्यक्ति 25 लाख रुपये तक का ऋण लेकर अपना उद्योग स्थापित कर सकता है, जिसमें 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रदत्त की जाएगी।

श्री राजेंद्र खीमाणी, कुल सचिव, गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद ने गाँधी विचारधारा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि गांधीजी का विचार था कि यदि देश को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से स्वावलंबी

(शेष पृष्ठ 26 पर)

आयोग के अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश की सभी खादी संस्थाओं और राज्य खादी बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

मध्यप्रदेश में खादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 5 फरवरी, 2017 को राज्य कार्यालय, भोपाल में राज्य के सभी खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रतिनिधियों तथा आयोग के राज्य कार्यालय के अधिकारियों से मुलाकात की।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने केआरडीपी योजना के माध्यम से पुरानी और बीमार खादी संस्थाओं के पुनरुत्थान पर ध्यान केंद्रित किया, इस बैठक में उठाए गए अन्य मुद्दे थे: खादी भंडार का प्रत्यायन, आय से अधिक देनदारियां, उपकरणों की कमी और रखरखाव आदि। आयोग के अध्यक्ष ने खादी सुधार और विकास कार्यक्रम के तहत पांच संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित कर प्राथमिकता के आधार पर खादी संस्थाओं के पोलीवस्त्र प्रमाणपत्र और खादी प्रमाण पत्र को नवीनीकृत करने का निर्देश दिया। चर्चा के दौरान खादी संस्थाओं के लिए विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधकों के साथ निधि तरलता और पूंजी की कमी से उबरने के लिए बैठक का भी निर्णय लिया गया।

अपने संबोधन में श्री विनय कुमार सक्सेना ने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2 अक्टूबर 2016 को रेडियो पर प्रसारित "मन की बात" को उदृत किया, जिसमें उन्होंने लोगों से खादी खरीदने का आह्वान किया, जिसने देश भर में कार्य करने वाले कारीगरों को सीधे लाभ पहुंचाया हैं, जिसके परिणामस्वरूप खादी की बिक्री में अभूतपूर्व वृध्दि हुई है। खादी कार्यक्रम एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जो एक आदमी और महिलाओं को 13500/- रुपये में चरखा देकर उसके द्वार पर रोजगार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास कारीगरों और बेरोजगार लोगों को शहरों में पलायन को रोकता है।

उपकरणों की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए आयोग के अध्यक्ष ने संस्थाओं को एक शर्त पर आवश्यक उपकरण प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया कि संस्थाओं द्वारा कच्चे माल की तरलता और पूंजी स्वयं ही व्यवस्थित की जानी चाहिए।

इससे पहले, आयोग के उप मुख्य कार्यकारी आधिकारी ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष श्री सक्सेना की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। मध्यप्रदेश में खादी ग्रामोद्योगी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से जुड़े सभी मुद्दों पर अध्यक्ष की यह पहल हमें प्रेरित करती कि हम कड़ी मेहनत कर राज्य में खादी ग्रामोद्योग योजनाओं और कार्यक्रमों को सफल बनायें।

बैठक के अंत में आयोग के राज्य निदेशक, भोपाल श्री जे.के.गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

★★

कार्यक्रम के दौरान रैंप वॉक, वस्त्र डिजाइनिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

भोपाल: खादी प्रचार के लक्ष्य को लेकर एक अनूठे कार्यक्रम, युवा खादी महोत्सव का आयोजन 5 फरवरी, 2017 को गांधी भवन में किया गया। इस अवसर पर इस समारोह में ऐसी व्यवस्था की गई, जहाँ एक खुली बहस के माध्यम से खादी के विभिन्न आयामों को समझने के लिए अवसर प्राप्त करने हेतु एक प्रतियोगिता और एक खादी वस्त्र डिजाइनिंग अभ्यास सत्र भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'थ्रेडिंग वर्डस्' नामक

नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें दोनों टीम के वक्ताओं को खादी, उसके पुनरुद्धार और ग्रामीण उद्योगों से संबंधित विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए पांच मिनट का समय दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत किया और इस विषय के बारे में अपनी तन्मयता से ज्ञान और अनुभवों

का प्रदर्शन किया। आगे बढ़ते हुए, एक अन्य गतिविधि 'डिजाइन द व्हील' - एक डिजाइन प्रतियोगिता - जिसमें प्रतिभागियों को उन्हें दिए गए कपड़े डिजाइन करना था। अंतिम परिणाम बहुत ही बढ़िया साबित हुआ, चाहे वह कुछ गौण, वास्तविक कपड़े या लैपटॉप के कवर थे जो सभी खादी कपड़े से बुने गए थे।

विशेष बच्चों ने खादी उत्सव में लगाये चार चाँद

कार्यक्रम के दौरान एक फैशन शो भी आयोजित किया गया, जिसमें अरुषि संस्था के बच्चों ने रैंप पर चलते हुए, खादी से बने पोशाक पहने, सभी बच्चे खादी धोती पैंट, नेहरू जैकेट, शर्ट आदि में बहुत ही सुन्दर दिखाई दे रहे थे।

कार्यक्रम संयुक्त रूप से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के तत्वावधान में महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा (एमजीएसए) के साथ आयोजित किया गया था।

खादी कैटवाक किसी पेशेवर मॉडल द्वारा नहीं, बल्कि एक एनजीओ, अरुषि के विशेष रूप से विकलांग छात्र द्वारा खादी फैशन शो प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार सक्सेना ने इस अवसर पर कहा, "मैं युवाओं के बीच खादी के लिए उत्सुकता देखकर खुश हूं। मैं आशा करता हूं कि हर युवा खादी को सजाना और अपने संग्रह में शामिल करना चाहता है। यह अद्भुत और सुंदर है।" ★★

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सभी 23 अस्पतालों को केवल खादी उत्पादों का इस्तेमाल करने का आदेश दिया

केवीआईसी को 150 करोड़ रुपए का आर्डर

केवीआईसी ने पिछले छह महीनों में कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे ओएनजीसी (अपने 35,000 कर्मचारियों के लिए) रेडीमेड गारमेंट्स (52 करोड़ रुपए की आपूर्ति), रेलवे (42 करोड़ रूपए के बेड शीट, तकिए के कवर और कंबल आदि की आपूर्ति), एयर इंडिया (अपने प्रथम श्रेणी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए 35,000 अमेनिटीज किट की आपूर्ति के लिए 11.1 करोड़ रूपए), एनटीपीसी (23,000 रेशम के जेकेट की आपूर्ति के लिए 5 करोड़ रूपये) जे के व्हाइट सीमेंट (वर्दी की आपूर्ति के लिए 17 लाख रुपये) आदि से वृहद् मात्रा में ऑर्डर हासिल किए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय से सबसे बड़ा ऑर्डर 16 फरवरी 2017 को हासिल किया है।

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना ने कहा कि 'स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने अस्पतालों और कर्मचारियों के लिए खादी को अपनाने पर सहमति दी है, खादी एक प्राकृतिक और जैविक त्वचा अनुकूल कपड़े का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के खादी को बढ़ावा देने के विचार ने हमें बहुत ही गौरवान्वित किया है। हम, श्री जे.पी. नड्डा जी का मेडिकल स्टाफ के लिए खादी को निर्धारित करने तथा अग्रणी आर्डर के लिए उनका आभारी हूं। स्वास्थ्य मंत्रालय से 150 करोड़ रुपये का आर्डर मिलाने पर बहुत प्रसन्नता हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि खादी कारीगरों की आजीविका पर इसका प्रभाव पड़ा है और यह कारीगरों को संतुष्टि देता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आदेश के आधार पर पूरे देश में केंद्र सरकार के 23 अस्पतालों और मेडिकल अनुसंधान संस्थान जैसे एआईएमएस, पीजीआईएमआर,निमहंस, एआईएचपीएच आदि खादी उत्पाद खरीदेंगे। मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 46 खादी उत्पादों में बीएड शीट, अबडोमेन शीट, ड्रेसिंग तौलिए, सर्जन गाउन, सर्जिकल रोगी गाउन, कुर्ता पायजामा, डॉक्टर के कोट, सोप, हैण्ड सेनीटाईजर, खादी फिनाइल और हर्बल शैम्पू आदि शामिल हैं। 23 हॉस्पिटल और संस्थानों द्वारा खरीदी जा रहे उत्पाद मदों की लागत 150 करोड़ रु होगी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग, प्रत्येक अस्पताल के जरुरत के अनुसार इन सामग्रियों की आपूर्ति 7 से 8 माह की अवधि में करेगा।

सभी 45 वस्तुओं की सूची स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ जुड़े अस्पतालों और स्वायत्त संस्थानों के 'विशेष' उपयोग के लिए परिचालित की गई है। पिछले साल नवंबर में स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात करने के पश्चात् खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना ने मंत्रालय द्वारा स्थापित एक समिति की सिफारिश के आधार पर सूची को अंतिम रूप दिया था। यह खादी और ग्रामोद्योग आयोग के लिए सबसे बड़ा संस्थागत आदेश है।

पिछले साल, खादी उत्पादों की 1,510 करोड़ रुपये की बिक्री हुई और वर्तमान वित्तीय वर्ष में 35% बढ़ने का अनुमान है। पिछले कुछ सालों में बिक्री में तेजी आयी है क्योंकि सरकार ने खादी को आगे बढाया।

जबकि मांग तेज गति से बढ़ रही है, उच्च मांग को पूरा करने के लिए केवीआईसी, प्रतिष्ठित खादी ब्रांड को पुनर्जीवित कर रही है। केवीआईसी ने एमएसएमई मंत्रालय से प्राप्त अनुदानों से बंद संस्थाओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है और इसके लिए कुल 7.23 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पुराने चरखे और करघे को बदलने और उत्पादन को पुनर्जीवित करने के लिए पिछले महीने के दौरान १४३ संस्थाओं को जिसमें

एम.पी. और बिहार से 16 पुरानी खादी संस्थाए शामिल हैं। 2 अक्टूबर 2016 को, केवीआईसी ने 'खादी संस्थाओं के पंजीकरण और प्रमाणन सेवा' शुरू की। यह एफएनवाई खादी संस्थाओं के पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल व्यवस्था है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में खादी गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ेगा। इस सरलीकृत पंजीकरण सेवा द्वारा एक नई खादी संस्था के पंजीकरण की अवधि को 3 साल से कम करके 45 दिन कर दिया गया है|

इस ऑनलाइन पंजीकरण सेवा की पहल से 2 अक्टूबर 2016 से 20 फरवरी 2017 तक 160 नए खादी संस्थाओं ने उत्पादन हेतु पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। इससे न केवल खादी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के द्वार पर रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा और नए खादी कारीगरों को खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगा।

★★

विशाखापत्तनम में पीएमईजीपी योजना पर बैंकर्स समीक्षा बैठक

आयोग के मंडलीय कार्यालय, विशाखापत्तनम में पीएमईजीपी योजना पर एक बैंकर्स समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता मंडलीय कार्यालय के निदेशक श्री आर.के चौधरी द्वारा की गई. बैठक में श्री सरथबाबू, एलडीएम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विशाखापत्तनम, श्री शिव शंकर, निदेशक, आरएसईटीआई, विजयनगरम और एलडीएम, एसबीआई, विजयनगरम ने भाग लिया।

प्रारंभ में, आयोग के मंडलीय कार्यालय, विशाखापत्तनम के निदेशक श्री आर.के चौधरी ने पीएमईजीपी योजना के कार्यान्वयन के सम्बन्धी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योजना कार्यान्वयन और ऑनलाइन प्रणाली हेतु निर्धारित कार्य योजना के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी।

श्री आर.श्रीनिवास राव, सहायक निदेशक - II ने पीएमईजीपी के ऑनलाइन प्रणाली के बारे में बताया और सूचित किया कि सभी 5 जिलों में स्थित एसबीआई और आंध्र बैंक के प्रधान प्रशिक्षण केंद्र, वर्ष 2016-17 के पीएमईजीपी उद्यमियों को ईडीपी प्रशिक्षण देने हेतु तैयार हैं।

श्री सराथ बाबू, एलडीएम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विशाखापत्तनम ने कहा कि एलडीएम द्वारा संबंधित बैंकों को निर्देश जारी किए जाएंगे। सभी बैंकरों ने आश्वासन दिया कि परियोजनाओं के आधार के लिए अग्रेषित किए गए आवेदनों को संबंधित बैंकों द्वारा फरवरी 2017 के अंत से पहले मंजूरी दे दी जाएगी।

विशाखापत्तनम जिले के दो सफल पीएमईजीपी उद्यमियों ने भी बैठक में भाग लिया। मंडलीय कार्यालय, विशाखापत्तनम के सहायक निदेशक श्री ए. जी. राव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का संपन्न हुआ।

आयोग ने रेग्युलेशन्स उल्लंघन हेतु फैब इंडिया को भेजा नोटिस

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने फैबइंडिया को कानूनी नोटिस भेजा है। आयोग का कहना है कि फैबइंडिया अपने सूती के रेडीमेड परिधानों को खादी उत्पाद के रूप में बेच रहा है। आयोग के मुताबिक, इसके लिए कंपनी ने उससे स्वीकृति भी नहीं ली है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने लीगल नोटिस में कहा है कि इस शब्द का प्रयोग अनुचित व्यापार व्यवहार है और उसके व्यापार के नाम का दुरुपयोग है. यदि फैबइंडिया इस अनुचित व्यवहार पर तुरंत रोक नहीं लगाता है तो आयोग उसके खिलाफ लीगल कार्यवाही करेगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने कहा है कि फैब इंडिया अपने सूती के रेडीमेड परिधानों को 'खादी' उत्पाद बता के बेच रहा है। आयोग का कहना है कि फैबइंडिया पर खादी मार्क रेग्युलेशन्स, ट्रेडमार्क उल्लंघन, अनुचित व्यापार और धोखा के तहत कार्रवाई की मांग की जाएगी।

फेब इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विनय सिंह को खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक, कानूनी मामले ने कड़े शब्दों में दिए कानूनी नोटिस में कहा कि संगठन ने खादी के नाम और शैली में अपने वस्त्रों की विक्री करना जारी रखा, जबकि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पूर्व में चेतावनी दी थी और फेब इंडिया द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वह आगे से ऐसा नहीं करेगा|

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा अधिसूचित खादी मार्क विनियमन-2003 के अनुसार, विनियमन के तहत समिति द्वारा जारी "खादी मार्क" टेग या लेबल किसी भी वस्त्र या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा या किसी भी रूप में या तरीके से 'खादी' या 'खादी उत्पादों' के रूप में प्रमाणित खादी संस्था द्वारा बेचा नहीं जाएगा।

अन्य बातों के अलावा, प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्थायें जो खादी या खादीउत्पादों के रूप में उत्पादों की बिक्री के कारोबार में लगे कुछ दायित्वों को लागू करता है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने फैब इंडिया ओवरसीज़ प्राइवेट लिमिटेड को पहले भी एक लीगल नोटिस भेजा था कि वो अपने सभी सूती उत्पादों के टैग में खादी शब्द का इस्तेमाल करना तुरंत बंद करे।

नोटिस में आयोग ने फैबइंडिया को अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिनों का वक्त दिया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर कंपनी इस अवधि में अपना पक्ष नहीं रख पायी तो खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) खादी मार्क रेग्युलेशन के उल्लंघन के लिए आगे की कार्रवाई करेगा। नोटिस में कहा गया है कि फैब इंडिया द्वारा खादी उत्पाद के रूप में बेचे गए कपड़ों और इनकी कीमतों की गंभीरता से जांच करने के बाद पता चला कि फैब इंडिया ने इन कपड़ों को 'फैब इंडिया कॉटन' का लेबल लगा रखा है।

नोटिस में कहा गया है, 'कपड़ों के प्राइस टैग पर खादी शब्द लिखा हुआ है। इससे खुद ही पता चलता है कि फैबइंडिया खादी प्रॉडक्ट्स नहीं बेच रहा, बल्कि बाद में हटाए जा सकने वाले प्राइस टैग पर खादी शब्द लिखकर ग्राहकों को गुमराह कर रहा है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष, श्री वी.के. सक्सेना ने कहा कि केवीआईसी अपनी प्रतिष्ठा को सुरक्षित रखने के लिए बहुत उत्सुक रहा है और उनके खिलाफ कड़े कदम उठाएगा, जो उनके ग्रामीण कारीगरों के लाभ के लिए बनाए गए नियमों और विनियमों का उल्लंघन करते हैं। ★★

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा हरियाणा राज्य की खादी व ग्रामोद्योग इकाईयों का दौरा

श्रीमती अन्शु सिन्हा, आई.ए.एस., मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुम्बई ने दिनांक 15.02.2017 को हरियाणा राज्य में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत स्थापित इकाईयों तथा खादी उत्पादन, बिक्री आदि की गतिविधियों का अवलोकन किया।

उन्होंने पानीपत में फर्नीचर इकाई व कारपेट तथा सोफा कपड़ा निर्माण करने वाली इकाईयों का भ्रमण कर कारीगरों से उत्पादन, बिक्री एवं उनकी मजदूरी के बारे में चर्चा की।

उन्होंने जिला कुरुक्षेत्र के गांव ज्योतिसर में स्थित खादी कताई केन्द्र तथा गांव मिर्जापुर में स्थित बुनाई केन्द्र, सीएफसी व खादी भंडार का अवलोकन किया। जहां उन्होंने कत्तिनों एवं बुनकरों से चर्चा की ओर खादी उत्पादन व कारीगरों की आमदनी बढ़ाने के बारे में किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने की सम्भावनाएं है। खादी और ग्रामोद्योग प्रयासरत है कि खादी संस्थाएं सुदृढ हो तथा उनका सशक्तिकरण हो जिसके लिए खादी संस्थाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद भी मुहैयया कराई जा रही हैं। खादी संस्थाओं को खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मदद लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि कत्तिनों को नये चरखे, बुनकरों को नये करघे प्राप्त हों, खादी भंडारों का नवीनीकरण हो, कारीगरों की मजदूरी बढ़े और खादी उत्पादन के साथ साथ बिक्री में भी वृद्धि हो।

उन्होंने पीएमईजीपी इकाईयों तथा खादी संस्थाओं को सुझाव दिया कि वह कारीगरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दें, इकाई में स्वच्छ एवं सद्भावपूर्ण वातावरण बनाएं, उत्पादों की पैकिंग सुन्दर एवं आकर्षक तरीके से करें ताकि उनकी इकाई एक सक्षम इकाई बन सके।

उन्होनें यह भी सुझाव दिया कि जिन गांवों में कारीगर कताई एवं बुनाई का कार्य करते हैं उनके लिए बैंकिंग प्रणाली तथा नगदी रहित लेन देन के बारे में शिक्षित करने हेतु जागरुकता शिविर आयोजित किये जाएं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदया के हरियाणा भ्रमण के दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग, नई दिल्ली के श्री एस.एन.शुक्ला, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा श्री वी.के.नागर, राज्य निदेशक हरियाणा उपस्थित थे।

हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग पर अखिल भारतीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन

आयोग के राज्य कार्यालय, केरल के समन्वय में २ और 3 फरवरी 2017 को होटल क्लासिक सरोवर पोर्टिको, मंजलीकुलम रोड, थंपनूर तिरुवनंतपुरम में हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग पर एक दो दिवसीय अखिल भारतीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का उद्घाटन आयोग के माननीय सदस्य, दक्षिण क्षेत्र, श्री जी. चंद्रमौली द्वारा किया गया और आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. गुरूप्रसन्ना ने राज्य निदेशक, त्रिवेन्द्रम तथा निदेशक, हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग की उपस्थिति में संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

संगोष्ठी में देशभर से आयी लगभग सभी 82 हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग इकाइयों ने भाग लिया और हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग के तकनीकी अधिकारी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर आयोग के राज्य निदेशक, त्रिवेन्द्रम/ प्रबंधक, खादी भवन, एर्नाकुलम श्री आई. जवाहर ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उद्योग के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने पेपर डिजाइन बैंक बनाने और उत्पादों को सूचीबद्ध, करने पर जोर दिया तथा बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता के लिए उपयुक्त तकनीक को अपनाने हेतु भागार्थियों को प्रेरित किया।

इससे पहले, आयोग के माननीय सदस्य, दक्षिण क्षेत्र, श्री जी. चंद्रमौली, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. गुरूप्रसन्ना, राज्य निदेशक, त्रिवेन्द्रम/ प्रबंधक, खादी भवन, एर्नाकुलम श्री आई. जवाहर, निदेशक, हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग श्री के.जे. भोसले तथा वैकुंठभाई मेहता इंस्टीट्यूट, मुंबई के निदेशक, श्री ए.के. द्विवेदी ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. गुरूप्रसन्ना ने संबोधित करते हुए 1980 के दशक की यादों को स्मरण करते हुए बताया कि पहले जब केवीआईसी कार्यालय में सभी प्रकार की स्टेशनरी के लिए हाथकागज़ का उपयोग होता था और वर्तमान में केवीआईसी के कार्यालयों में शायद ही हाथकागज़ का उपयोग किया जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि तकनीक प्रयोगशाला से भूमि तक पहुंचाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हस्तनिर्मित कागज का उत्पादन आम जनता द्वारा किया जाना चाहिए और बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं करना चाहिए। उन्होंने, निदेशक (हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग) को पर्यावरण के अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहार्य परियोजना प्रोफाइल तैयार करने की सलाह दी और उन्होंने आशा व्यक्त की, कि हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग की भलाई के लिए कुछ अच्छे परिणाम संगोष्ठी में आएंगे।

आयोग के माननीय सदस्य, दक्षिण क्षेत्र श्री जी.

चंद्रमौली ने गांधीजी की विचार-धारा के बारे में उल्लेख करते हुए अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज तक केवीआईसी द्वारा एक ही गांधी विचारधारा को बनाए रखा गया है।

उन्होंने कहा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विशेष क्षेत्र और गांवों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने गांधीग्राम विश्वविद्यालय में श्री जे सी कुमारप्पा के संग्रहालय और इसके समृद्ध विरासत को भी संदर्भित किया, उन्होंने कहा, हालांकि वर्तमान में हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग धीरे धीरे कम हो रहा है। उन्होंने लुधियाना में दिए गए प्रधान मंत्री के नारे "ग्रामीण उत्पादों को वैश्विक स्तर तक ले जाना है" को भी उद्धृत किया।

उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि फाइबर और हस्तनिर्मित पेपर उद्योग की यह छोटी प्रदर्शनी एक आंख खोलने वाली है और आशा व्यक्त की कि इस तरह की तकनीकी सेमिनारों को फलदायी परिणाम मिलेगा। उन्होंने यह भी जोर दिया कि विचार और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान के लिए हर साल इस तरह के सेमिनार आयोजित किए जाने चाहिए।

संगोष्ठी के अंत में, आयोग के हाथकागज़ एवं रेशा उद्योग निदेशक श्री के.जे. भोसले ने संगोष्ठी में आये पदाधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

★★

केएनएचपीआई के वैज्ञानिक को सम्मान

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और विजयन भारती द्वारा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के तत्वाधान आयोजित आई.आई. एस.एफ.-2016, एक अंतर्राष्ट्रीय मेगा आयोजन में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राष्ट्रीय कुमारप्पा हाथकागज़ संस्थान (के. एन.एच.पी.आई.) की वैज्ञानिक,

श्रीमती साक्षी अग्रवाल को उनकी दूसरी सबसे अच्छी प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

उन्होंने 7-11 दिसंबर 2016 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के परिसर में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2016 में युवा वैज्ञानिक कन्क्लेव में "स्वच्छ भारत" पर एक प्रस्तुति दी, उन्हें दूसरी सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के रूप में सम्मानित किया गया। ★★

सौर ऊर्जा से चलने वाले 12-स्पिंडल हाई स्पीड अम्बर चरखे का डिजाइन और विकास

(खादी ग्रामोद्योग प्रयोग समिति – अहमदाबाद द्वारा विकसित और खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वित्तपोषित परियोजना)

पृष्ठभूमि :

कताई टेक्सटाइल क्षेत्र में वर्तमान आधुनिक विकास के सन्दर्भ में, अंबर चरखा की पारंपरिक तकनीकी, जिसका इस्तेमाल तुलनात्मक रूप से पुरातन छोटे पैमाने पर/ ग्रामीण उद्योगों में लोगों द्वारा किया जाता है।

अम्बर चरखा के विभिन्न घटकों को सावधानीपूर्वक नए रूप में डिजाइन करने और इसमें संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, इसके अधिकांश ऑपरेटरों को विभिन्न प्रक्रिया मापदंडों और विभिन्न भागों की स्थिति तथा उनके कार्यों के बारे में जानकारी नहीं है। इसके लिए अम्बर चरखा का व्यापक अध्ययन करने की आवश्यकता है जो इसके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में मदद करे।

पारंपरिक मध्यम गति के अम्बर चरखा का उत्पादन दर बेहद कम पायी गयी है। इसके अलावा, खासकर मजबूती और दोष के मामले में अम्बर चरखा पर उत्पादित सूत की गुणवत्ता भी कमजोर पायी जाती है, । इस प्रकार, ऊपर उल्लिखित कमियों के प्रमुख कारण निम्नानुसार है :-

1) चरखा की खराब मैकेनिकल स्थिति (जैसा कि चित्र १ और २ में दिखाई गयी है)।

2) चरखा के विभिन्न घटकों की खराब डिजाइन (जैसा कि चित्र 3 और 4 में दिखाई गयी है)।

३) मापदंडों का गैर-अनुकूलन (जैसा कि चित्र 5 और 6 में दिखाई गयी है)।

4) चरखा चालकों को अम्बर चरखा के सम्बन्ध में जानकारी की कमी जैसेकि अम्बर चरखा का सर्वश्रेष्ठ परिणाम कैसे प्राप्त करें (जैसा कि चित्र 7 और 8 में दिखाया गया है)।

चित्र 1:
खराब मशीन स्थिति

चित्र 2:
रिंग के सम्बन्ध में
स्पिंडल का गलत-संरेखण

चित्र 3 :
घिसा हुआ गियर



चित्र 4 :
स्पिंडल रस्सी की
खराब गुणवत्ता



चित्र 5 :
चौडे शीर्ष
अग्र भाग सेटिंग

चित्र 6 :
चरखा पर चलने वाली कोट
की क्षतिग्रस्त सतह



चित्र 7 व 8 :
रोलर्स और आर्बर पर बहुत ज्यादा फाइबर संचय

इन कमियों का समाधान करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग प्रयोग समिति (केजीपीएस-अहमदाबाद) ने प्रयास किए हैं और नए प्रकार का सौर ऊर्जा चालित १२ स्पिंडल हाई स्पीड अम्बर चरखा विकसित किया है, जिसे नीचे चित्र ९ में दिखाया गया है।

चित्र 9:
केजीपीएस द्वारा विकसित
हाई स्पीड 12 स्पिंडल अम्बर चरखा

उपयुक्त डिजाइन और विकास/संशोधनों, उपयुक्त प्रक्रिया मापदंडों को उपयोग में लाने के साथ-साथ कौशल गतिविधियों को भी उन्नत किया गया, जिससे खादी क्षेत्र के लिए विकसित किये गए अम्बर चरखा के माध्यम से उत्पादित सूत की प्रसंस्करण लागत में कमी आयी है। चरखा की उत्पादकता में सुधार लाने के लिए मशीन के अंत-टूटने की दर को कम करने के प्रयास किए गए विशेष रूप से अम्बर चरखा के कमियों और इसके कार्य करने के सीमाओं पर विचार किया जा रहा है| अम्बर चरखे के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए केजीपीएस ने निम्न लिखित विचार रखे हैं:

1. मशीन के महत्वपूर्ण हिस्सों में संशोधन और 12000 आरपीएम स्पिंडल स्पीड क्षमता पर 12 सौर ऊर्जा से चलने वाले स्पिन्डल में परिवर्तित करना।
2. रोइंग ट्रॉप्स, बलून को नियंत्रित करना, ड्राफ़िंग डिवाइस सिस्टम का प्रारंभ।
3. चरखा की विभिन्न मैकेनिकल गति और सेटिंग्स से संबंधित पैरामीटर अनुकूलित होना।
4. अभिनव कार्य के प्रभाव का आकलन करने के लिए और उपरोक्त कार्य के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए क्षेत्र प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करना।
5. चरखा का कैसे रखरखाव रखा जाय, इसके लिए चरखा चालकों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाय।

पारंपरिक चरखा एंव हाई स्पीड आधुनिक अम्बर चरखा के मध्य तुलना

पारंपरिक चरखा एंव संशोधित उच्च गति के अम्बर चरखाओं के मध्य कार्यक्षमता की तुलना करने के लिए केजीपीएस द्वारा विभिन्न प्रयोगों का आयोजन किया गया था। निम्नलिखित तालिका में कुछ औसत परिणाम संक्षिप्त में दिए गए हैं

मानदंड	पारंपरिक अम्बर चरखा	संशोधित उच्चगति का अम्बर चरखा
सूत काउंट स्पन (एन एम)	50.0	50.5
सूत सीएसपी	1846	2076
यूस्टर यू%	21.3	19.6
अपूर्णता / कि.मी.	6824	5672
धागा टूटने /100 स्पिंडल घंटे	89	38
वास्तविक उत्पादन (जीएसएस)	50	105

प्राप्त नतीजे / परिणाम :-

अ. संशोधित अम्बर चरखा के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए नए प्रकार के पार्ट्स/ प्रणालियां व्यवहारिक रूप में सफल है और विकसित चरखे को उपयोग में लाने के पश्चात इस पर कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं देखी गई थी।

आ. पारंपरिक अम्बर चरखा की प्रमुख कमियां, नए सौर अम्बर चरखा में उपयुक्त संशोधनों को लागू करने से दूर हो सकती हैं।

इ. स्पिन्डल की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करके और स्पिंडल की गति को सोलर मोटर का उपयोग करके मौजूदा 7000 से 12000 आरपीएम तक बढ़ा दिया गया है।

ई. संशोधित अम्बर चरखे को सफलतापूर्वक उच्च स्पिंडल गति पर चलाया जा सकता है और विभिन्न रेशों के बहु-अंक सूत का उत्पादन करने में सक्षम है।

उ. परंपरागत चरखे की तुलना में विकसित सौर चरखे की उत्पादन दर काफी मात्रा तक बढ़ गयी है; यानी औसतन 35 हैंक से सूत के 80 से 100 हैंक तक।

ऊ. विकसित चरखे में न्यूनतम दर से सूत टूटता है अर्थात 30 से 40 प्रति घंटे 100 स्पिंडल की दर से टूटता है।

ओ. विकसित चरखा से उत्पादित सूत की गुणवत्ता (मजबूती, यू%, खामियों आदि के संदर्भ में) पारंपरिक चरखा के सूत से काफी अधिक है।

औ. उपर्युक्त लाभों के कारण कारीगरों के साथ-साथ खादी सेक्टर के अर्जन में सुधार की संभावना है। दूसरे शब्दों में, कारीगर के अर्जन में चार गुना वृद्धि होने की संभावना है अर्थात मौजूदा अर्जन 100 रुपये के बजाय औसत 400 रुपये प्रति चरखा।

इसके अलावा, सूत की कम टूटन और सौर ऊर्जा के कारण एक कारीगर एक समय में दो उच्च गति के अम्बर चरखा को संभाल सकता है और इस तरह से कारीगर की दोहरी कमाई संभव हो सकती है।

साबरमती आश्रम में आयोग की 642वीं बैठक आयोजित

27 फरवरी, 2017 को स्वतंत्रता संग्राम का मुख्यबिन्दु रहे ऐतिहासिक केन्द्र साबरमती आश्रम परिसर में आयोग की 642वीं बैठक आयोजित की गयी, यहीं से ही ऐतिहासिक दांडी मार्च -नमक सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत हुई थी, और यह उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है जो समाज कल्याण के लिए गांधीजी और उनकी विचारधारा से जुड़े हुए हैं।

इस बैठक की अध्यक्षता श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा की गई । उपरोक्त बैठक में आयोग के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे: श्री जय प्रकाश तोमर, आंचलिक सदस्य (मध्य अंचल), श्री जी. चन्द्रमौलि, आंचलिक सदस्य (दक्षिण अंचल), डॉ संगीता कुमारी, आंचलिक सदस्य (पूर्व अंचल), श्री नारायण सी. बोरकाटकी, आंचलिक सदस्य (पूर्वोत्तर अंचल), श्री अशोक भगत, विशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान एवं विकास), श्री राजेंद्र प्रताप गुप्ता, विशेषज्ञ सदस्य (विपणन), सुश्री सुमन लता गुप्ता, उप महा प्रबंधक, लघु एवं मध्यम उद्यम, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, श्री बी.एच. अनिल कुमार, संयुक्त सचिव (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम), श्री दी.पी.एस. नेगी, आर्थिक सलाहकार (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम), श्रीमती ऊषा सुरेश, वित्तीय सलाहकार/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, श्री मोहित जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं आयोग के सभी उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की विरासत को ध्यान में रखते हुए, जो कि गांधीजी की आत्म-निर्भरता तथा ग्रामीण कामगारों के लिए रोजगार सृजन के दर्शन पर निर्मित है; खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए:

- **खादी और ग्रामोद्योग आयोग के विभागीय बिक्री केन्द्रों में कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बिक्री प्लैटफार्म प्रदान करना:**

१. अध्यक्ष महोदय ने उल्लेख किया कि महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित 'ग्रामोद्योग' की वृहद विचारधारा यह रही है कि व्यक्तिगत तौर पर तथा लाभ से वंचितों द्वारा लघु उद्योगों के प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाए; जिससे कि उनको गतिविधियों की मुख्यधारा में लाया जाए जो उन्हें पोषणीय रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

अध्यक्ष महोदय ने आगे उल्लेख किया कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आत्मनिर्भता, पोषणीय विकास, व्यक्तिगत सशक्तिकरण और आजीविका सहायता के आदर्शों के साथ इस विचारधारा को आगे बढ़ाया है, जो उनकी जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाए और इसी क्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अपने हाल ही में किए गए प्रयास के रूप में जीवन संबल विकास कौशलों को विकसित करने के लिए कैदियों को प्रोत्साहित कर रहा है, क्योंकि खादी और ग्रामोद्योग आयोग का ऐसा मानना है कि यह प्रयास व्यक्तिगत परिवर्तनों के साथ- साथ उनके सामाजिक समावेश को परिलक्षित करेगा।

2. गुड़गांव और तिहाड़ जेल के कैदियों द्वारा निर्मित उत्पादों से पता चलता है कि वे उच्च गुणवत्ता के हैं और बाजार में उनकी काफी अच्छी मांग है।
3. आगे, आयोग ने निर्णय लिया कि कैदियों द्वारा निर्मित विशेष गुणवत्ता के उत्पादों की बिक्री को खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सभी विभागीय बिक्री केन्द्रों में प्रोत्साहित किया जाएगा जो उनके व्यक्तिगत परिवर्तन और कैदियों की जीवन संबल प्रणाली को बेहतर बनाएगा।
4. आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि खादी संस्थाओं/ एमडीटीसी/ संस्थागत प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा ऐसी संभावनाओं/समझौतों को संबंधित राज्य/जिलों में जेल विभाग के प्राधिकारियों के साथ विकसित/खोजा जाना चाहिए, जिससे कि इस परियोजना पर आगे कार्य किया जा सके।

- **आयोग ने राजस्थान में खादी ग्रामोद्योग भवन, बाढ़मेर (कोड सं. 709) तथा अहमदाबाद में अगरबत्ती पर पायलट परियोजना (कोड सं.827) के निष्क्रिय व्यापार लेखा को बंद करने के संबंध में** लेखा-परीक्षा निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की तथा दोनों ही लेखों की बहियों में आवश्यक प्रविष्टियां करते हुए हिसाब चुकता करने हेतु

सैद्धांतिक सहमति प्रदान की।

• **आयोग ने ग्रामोद्योग निदेशालय के सौर चरखा पायलट परियोजना के वर्कशेड घटक को ग्राम निर्माण मंडल, गया से खानवा में कार्यरत भारतीय हरित खादी ग्रामोद्योग संस्थान, लखनऊ को स्थानांतरित करने के संबंध में प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और निम्नानुसार निर्णय लिया:**

• चूंकि, ग्राम निर्माण मंडल, गया द्वारा बार-बार अनुस्मारक/अनुरोध किए जाने के बाद भी कार्यक्रम को कार्यान्वित नहीं किया गया है, आयोग ने निर्णय लिया कि ग्राम निर्माण मंडल, गया को 10 दिनों की मोहलत और दी जाए, जिससे कि यह सौर चरखा पायलट परियोजना के वर्कशेड घटक का उपयोग कर सके, ऐसा न किए जाने पर राशि को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संस्था से वापस ले लिया जाएगा और इसे पात्र इकाइयों/संस्थाओं को उपयोग के लिए दिया जाएगा। राज्य निदेशक द्वारा ग्राम निर्माण मंडल को इस आशय का एक पत्र जारी किया जाएगा तदोपरान्त उनकी विफलता पर, उक्त घटक के कार्यान्वयन हेतु किसी अन्य संस्था का नाम प्रस्तावित किया जाएगा।

• **आयोग ने सरकारी आपूर्ति के लिए दर संविदा एवं गैर दर संविदा मदों हेतु सूचीबद्ध खादी संस्थाओं से 01.04.2017 से 31.03.2018 की अवधि के लिए प्रति उत्पाद पंजीकरण शुल्क प्रभारित करने के संबंध में विपणन निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की और अनुमोदन प्रदान किया।**

• **सीधी भर्ती के अंतर्गत 334 पदों को भरने के लिए मैसर्स एडसिल (इंडिया) लिमिटेड, नोएडा को नामांकन आधार पर संलग्न करने हेतु प्रशासन निदेशालय का प्रस्ताव।**

1. आयोग ने सीधी भर्ती के अंतर्गत 334 पदों को भरने के लिए मैसर्स एडसिल (इंडिया) लिमिटेड, नोएडा को नामांकन आधार पर कार्य सौपने हेतु प्रशासन निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की और उक्त पर सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।
2. आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एडसिल द्वारा अग्रिम तौर पर भुगतान की मांग के मुद्दे पर संयुक्त सचिव, मानव संसाधन मंत्रालय, नई दिल्ली तथा संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ चर्चा करें। विशेषज्ञ सदस्य (विपणन) ने अवगत कराया कि वे भी इस मामले में सहयोग प्रदान करेंगे।

• **लेखापरीक्षा निदेशालय का प्रस्ताव (1) पुराने तथा लंबे समय से लंबित विविध खर्चों एवं हानियों का समायोजन/विनियोग करने के लिए, और (2) जगदलपुर (कोड संख्या 834) की निष्क्रिय व्यापार इकाई को बंद करने के लिए।**

आयोग ने विभिन्न विभागीय व्यापार इकाइयों की रु.18.78 लाख तक की 'विभिन्न खर्चों और हानियों' इत्यादि (लेखा कोड सं.1064 एवं 1065) के संबंध में तथा रु.2.49 लाख की राशि के 'एकत्रण हेतु प्रेषित बिल' जो कि लंबे समय से व्यापार वार्षिक लेखों में दिख रहे हैं, के संबंध में लेखापरीक्षा निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की और इनके समायोजन/विनियोग पर अनुमोदन प्रदान किया।

आयोग ने ग्रामोद्योग कार्यक्रम के अंतर्गत जगदलपुर (कोड संख्या 834) की निष्क्रिय व्यापार लेखा का ग्रामोद्योग कार्यक्रम की लेखों बहियों में आवश्यक प्रविष्टियां करते हुए हिसाब चुकता करने हेतु अनुमोदन प्रदान की।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दो पदों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (समूह-अधिकारी) की सिफारिशों को अनुमोदित करने हेतु प्रशासन निदेशालय का प्रस्ताव।

1. आयोग ने उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद को भरने तथा पदोन्नति आदेशों के संबंध में दिनांक 13.02.2017 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (समूह-ए अधिकारी) की बैठक की सिफारिशों पर चर्चा की और इसे अनुमोदित किया, और निर्देशित किया कि जहां तक कि पदोन्नत अधिकारी के मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण करने का प्रश्न है, पदोन्नत अधिकारियों को बिना किसी विलंब के इसका अनुपालन करना चाहिए।
2. आगे, आयोग ने एक ऐसी नीति तैयार करने का निर्णय लिया कि यदि निदेशकों को भविष्य में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया जाता है, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे केन्द्रीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई में तीन वर्षों के लिए कार्यरत रहें । आयोग की

स्थानांतरण नीति भी तैयार की जानी चाहिए और उसे आयोग की आगामी बैठक में रखा जाना चाहिए।

3. आयोग ने यह भी निर्देशित किया कि ऐसे अधिकारी, जो अपने स्थानांतरण, पदस्थापना और पदोन्नति इत्यादि के संबंध में किसी भी प्रकार का राजनैतिक दबाव डालते हो, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस आशय का एक परिपत्र तुरंत जारी किए जाने की जरूरत है।

4. आयोग ने विशेषज्ञ सदस्य (विपणन) के अवलोकन का भी संज्ञान लिया कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के स्थानांतरण, पदस्थापना और पदोन्नति इत्यादि के संबंध में आयोग के किसी भी सदस्य पर राजनैतिक दबाव के बारे में तुरंत ही अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग को अवगत कराया जाना चाहिए।

• जनवरी 2017 की अवधि तक के लिए भुगतान एवं प्राप्तियों के संबंध में लेखा निदेशालय का प्रस्ताव।

1. आयोग ने माह जनवरी 2017 तक की अवधि के लिए 'केवीआईसी के मासिक लेखा' को अनुमोदित किया।

2. आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि 1.4.2017 से मासिक लेखा विवरणों को संशोधित नए फौरमैट में प्रस्तुत किया जाए, जिसमें 1.4.2017 से तिमाही आधार पर केवीआईसी के फील्ड कार्यालयों द्वारा किए गए योजनावार खर्चों के विवरण को भी इंगित किया जाएगा; और इसे आयोग के अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

• विसंगति समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों पर विचार करने तथा इसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय को अग्रेषित करने, तथा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार स्टाफ कार चालकों की पदोन्नति पर विचार करने के संबंध में प्रशासन निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की और निम्नानुसार निर्णय लिया:

1. आयोग ने डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार स्टाफ कार चालकों की पदोन्नति पर विचार करने के संबंध में विसंगति समिति की सिफारिशों को अनुमोदित किया और इसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय को भेजा जाए।

